# केंद्रीय विद्यालय में उतरवाई छात्रों की टी-शर्ट

## प्रिंसिपल बोले- जो किया ठीक किया, घटना के बाद डिप्रेसन में विद्यार्थी, गुस्से में अभिभावक

**सिवनी नवभारत। जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में गुरुवार की शाम को जो कुछ हुआ उसे वहां के पढ़ने वाले छात्र आगामी दिनों में याद नहीं रखना चाहेंगे। विद्यार्थी अभी खुशनुमा माहौल में परीक्षा की तैयारी कर रहे थे लेकिन अब उन पर जो गुजरी है उसका सीधा असर न सिर्फ परीक्षा परिणाम बल्कि पूरे जीवन में पड़ना तय है। बावजूद इसके स्कूल प्रबंधन इस मामले को लेकर किसी भी तरह से अपनी गलती मानने को तैयार नहीं है। हालांकि जिला कलेक्टर ने इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। अभिभावकों और छात्रों को अब सिर्फ जिला कलेक्टर से ही उम्मीद है।**







गुरुवार को केंद्रीय विद्यालय सिवनी में योग का प्रेक्टिकल था। इसके बाद विद्यार्थियों को सीधे परीक्षा में ही शामिल होना है। ऐसे में गुरुवार का दिन स्कूल में आखिरी माना जा सकता है। अपने दोस्तों के साथ इस पल की यादें संजोने और दिन को यादगार बनाने के लिए बच्चों ने आपस में एक दूसरे की टी-शर्ट्स पर कुछ शब्द मार्कर से लिख दिए। इन शब्दों में आमतौर पर आपत्तिजनक कुछ नहीं था। कहीं मोटी लिखा था तो कहीं किसी का मजाक, कहीं आई लव लिखा था तो किसी ने कोई मजेदार पेंटिंग बना दी थी। 2023 से पदस्थ स्कूल के प्राचार्य दीपक साहू ने जब बच्चे और बच्चियों की टी शर्ट्स में ये कलाकारी या बचपने की शरारतें देखीं तो सिरे से उखड़ गए। बच्चों को बुलाकर जमकर खरी खोटी सुनाई गई। छात्रों और अभिभावकों के अनुसार इसके बाद साहू ने बच्चों को आदेशित किया कि वे अपने टी शर्ट उतारकर प्रिंसिपल कक्ष में जमा कराएं और अगले दिन अपने अभिभावकों को स्कूल लेकर आएं। बच्चों ने जब बिना टी शर्ट के घर कैसे जाएं जैसे सवाल किए तो साहू ने उन्हें कहा कि वे चाहे जो करें लेकिन टी शर्ट्स स्कूल में ही रहेगी। शुक्रवार की दोपहर केंद्रीय विद्यालय में अभिभावक पहुंचे और अपनी बात प्रिंसिपल और मीडिया के सामने रखी जिस पर प्रिंसिपल दीपक साहू अजीब तर्क देते नजर आए। पहले तो उन्होंने गत्ते के एक डिब्बे से सारी टी-शर्ट निकालकर अभिभावकों को दिखाईं और कहा कि इस तरह की टीशर्ट्स पहन कर बच्चे घर जाते तो शहर में स्कूल की मर्यादा पर विपरीत असर पड़ता। वे इस बात का कोई जवाब नहीं दे पाए कि बिना टी-शर्ट्स के घर गए छात्र-छात्राओं की मर्यादा का क्या। कभी साहू इसे गलती बता रहे थे तो कभी कह रहे थे कि उन्हें अधिक कुछ नहीं कहना। कभी वे खुद के अभिभावक होने की बात कर रहे थे तो कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं कह पाए। कभी उनका कहना था कि बच्चों ने खुद ही टी-शर्ट्स उतारी हैं तो कभी कहने लगे कि एक पुरुष और एक महिला शिक्षिका के द्वारा टी-शर्ट्स निकलवाई गई हैं। कभी कह रहे थे कि पूरा स्कूल परिसर सीसीटीवी से लैस है तो कभी कहने लगे कि उस वक्त का फुटेज नहीं है। वे शिक्षक किसी टूर्नामेंट के सिलसिले में बाहर हैं। कभी वे अनुशासन की दुहाई देने लगते।

### अभिभावकों ने कहा-ये अनुशासन नहीं बल्कि गुंडागर्दी

इस पूरे घटनाक्रम ने इस प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान की गरिमा गिराने का काम किया है। अभिभावकों ने प्रिंसिपल से खुलेआम कहा कि उनका आचरण अनुशासन नहीं बल्कि सीधे-सीधे गुंडागर्दी है तो दीपक साहू के पास कोई जवाब नहीं था। सवाल यह है कि प्राचार्य का अनुशासन स्थापित करने का यह कौन सा तरीका है। क्या बिना कपड़ों के बच्चों को घर भेजने से अनुशासन स्थापित होता है। आखिर प्राचार्य साहू किस मानसिकता में जी रहे हैं। उनके व्यवहार से ऐसा तो कतई नहीं लगता कि हम इक्कीसवीं सदी में रह रहे हैं। जाहिर है इस तरह का तुगलकी फर्मान किसी भी तरह से उचित नहीं कहा जा सकता।

### रोते-सिसकते घर पहुंचे विद्यार्थी

इसके बाद बच्चों की सारी शरारत छू हो गई। बच्चों ने अपनी टी शर्ट्स प्रिसिंपल के कमरे में जमा कर दी और या को ब्लेजर या किसी दूसरे साथी से उसकी ड्रेस मांग कर किसी तरह पहनी और रोते बिलखते स्कूल से घर वापस पहुंचे। बिना टी-शर्ट्स के बेटे बेटियों को देखकर अभिभावक भौंचक्के रह गए। वहीं बच्चों की मानसिक स्थिति पर भी इस पूरे घटनाक्रम का गहरा असर पड़ा था। कई अभिभावकों ने मीडिया को बताया कि उनके बच्चे रात में कई-कई बार सोते से उठे। कुछ बच्चे अनवरत रोए जा रहे थे। बच्चों ने अभिभावकों को बताया कि प्रिसिंपल ने उनके प्रेक्टिकल के नंबर भी काटने की धमकी दी।

### कलेक्टर से सुनाई फरियाद



इस पूरे घटनाक्रम के बाद जब प्राचार्य साहू से किसी तरह का आश्वासन नहीं मिल सका तो अभिभावक कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। बच्चों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचेअभिभावकों ने कलेक्टर शीतला पटले से अपनी व्यथा कथा सुनाई जिसके बाद कलेक्टर ने एसडीएम के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर स्कूल भेजा। जहां टीम ने पीड़ित छात्रों और उनके अभिभावकों के बयान लिए हैं। अभिभावकों का कहना है कि उन्हें अब जिले की संवेदनशील कलेक्टर से ही न्याय की उम्मीद है। दोषी प्राचार्य को तत्काल हटाया जाना चाहिए। इसके साथ ही इस बात का ख्याल रखा जाए कि इस घटना क्रम का कोई गलत असर बच्चों के परीक्षा परिणाम और भविष्य पर न पड़े।

### इनका कहना है

मामला आपने संज्ञान में लाया है। इस मामले में एसडीएम के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन कर स्कूल भेजी जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



# ढाबे से चावल,काजू, पनीर और अन्य सामग्री ले उड़े चोर

**छपारा नवभारत।** नगर के एन एच 44 फोरलेन बायपास के मोटर वर्कशॉप सेंटर के सामने सड़क किनारे स्थित एक ढाबा पर बीती 29 जनवरी को रात्रि उस समय अज्ञात चोरों ने धावा बोला जब छपारा जामा मस्जिद कालोनी निवासी ढाबा संचालक रानू साहु अपने कर्मचारियों सहित ढाबा को बंद कर घर जा चुके थे चोरों ने ढाबा में नगद व कीमती सामान नहीं मिलने पर अंदर किचन में रखी चावल की बोरी काजू,पनीर खाद्य सामग्री अपने साथ ले गए और सारा समान यहां वहां बिखरा दिया दूसरे दिन 30 जनवरी को जब ढाबा के कर्मचारी पहुंच कर देखा तो दंग रह गए उन्होंने ढाबा संचालक को सूचना दी जिसके बाद 112 पुलिस डायल पर गणेशगंज से पुलिस वाहन ने मौके पर पहुंचकर जाएजा लिया वहीं पुलिस थाना छपारा में चोरी होने की शिकायत दर्ज करवाई गई जिसके बाद छपारा पुलिस थाना से पुलिस कर्मियों द्वारा ढाबा पर अपनी जांच शुरू कर दी गई है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले ही 28 जनवरी की रात्रि

नगर के जामा मस्जिद कालोनी में एक सूने मकान से नकदी सहित ज्वेलरी की बड़ी चोरी वारदात को अज्ञात चोरों द्वारा अंजाम दिया जा चुका है।

## जिला सर्व वर्ग सेन समाज की बैठक आज

**सिवनी नवभारत।** जिला सर्व वर्ग सेन समाज केस शिल्पी एवं नगरसेन समाज के तत्वाधान में शनिवार 31 जनवरी को शाम 5 बजे मरहाई माता काली चौक सिवनी में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया है. समस्त ब्लॉकों के सेन बंधुओ से अपील है कि सेन जयंती मनाने एवं समाज के विकास तथा नवीन समिति गठन पर इस बैठक में विचार किया जावेगा. नगर सेन समाज अध्यक्ष, नगर केश शिल्पी अध्यक्ष एवं जिला सेन समाज के संरक्षकों ने समस्त सेन बंधुओ से अपील की है कि इस बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त करें.

## एक नजर में



### शिक्षक अशफाक अंसारी हुए सम्मानित

**बरघाट।** गत 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर जिला मुख्यालय में सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री करणसिंह वर्मा के करकमलों से,सिवनी विधायक दिनेश रॉय मुनमुन व जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले जी की उपस्थिति में अशफाक अंसारी शिक्षक को एसआईआर के मास्टर ट्रेनर की भूमिका के लिए द्वप्रशस्ति पत्रद्व प्रदान किया गया। साथ ही 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भी बीएलओ कार्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शिक्षक श्री अशफाक अंसारी उन्न.माध्य.उर्दू शाला बरघाट को माननीय कलेक्टर महोदया सिवनी श्रीमती शीतला पटले द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। अशफाक अंसारी को सम्मानित किए जाने परशुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### शहीदों की स्मृति में रखा गया दो मिनट का मौन

**सिवनी।** स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को जिलेभर में श्रद्धा और सम्मान के साथ दो मिनट का मौन रखा गया। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सुबह 11 बजे कलेक्टर कार्यालय सहित जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों में सभी गतिविधियाँ रोककर मौन धारण किया गया। इस अवसर पर अधिकारी एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यालयों में एकत्र होकर राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौन के माध्यम से शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों को स्मरण किया गया।

### नगर पालिका सिवनी में रखा गया मौन

**सिवनी,।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में शुक्रवार 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे नगर पालिका कार्यालय में 02 मिनट का मौन रखा गया। प्रतिवर्ष 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर देशभर में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौन धारण किया जाता है। इसी क्रम में नगर पालिका सिवनी द्वारा यह आयोजन शहीदों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई।

# नशामुक्ति अभियान को लेकर हुई बैठक, कलेक्टर-एसपी ने दिए निर्देश

**सिवनी नवभारत।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार मेहता की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में जिला स्तरीय नशामुक्ति अभियान समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशामुक्त भारत अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले के समस्त शासकीय छात्रावासों को नशामुक्त परिसर घोषित करते हुए छात्रावास नशामुक्ति समिति के गठन एवं दीवार लेखन कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं आई.टी.आई. संस्थानों में नशामुक्ति गतिविधियों के संचालन हेतु नोडल शिक्षकों की नियुक्ति कर एक सप्ताह के भीतर नशामुक्ति संबंधी मोटिवेशनल कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई पर जोर देते हुए कहा कि शैक्षणिक परिसरों के 100 मीटर के दायरे में नशीले पदार्थों की बिक्री किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने आबकारी विभाग एवं संबंधित विभागों के समन्वय से ऐसी दुकानों को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग में भी नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही। बैठक में नगर पालिका क्षेत्र में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु चलित कचरा वाहनों के माध्यम से ऑडियो प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये।

## बापू को दी श्रद्धांजलि देकर शहीदों का पुण्य स्मरण



**सिवनी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78 वीं पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में प्राध्यापकों, शिक्षकों, छात्र छात्राओं और पूरे स्टाफ ने बापू को श्रद्धांजलि दी और भारत के वीर शहीदों का पुण्य स्मरण किया। प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग, शासकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश चौरासे सहित दोनों महाविद्यालयों के स्टाफ और विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर देश के शहीदों का भी पुण्य स्मरण किया। डॉ. मानसिंह बघेल ने अपने वक्तव्य में बापू के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर चलने की बात कही. डॉ. ज्योत्सना नावकर के साथ सभी ने बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का सामूहिक गायन किया।

# दो ट्रेक्टर जप्त कर खनिज विभाग ने की कार्यवाही

**उगली नवभारत।** गत दिवस सिवनी जिले की बहुचर्चित रेत खदान नसीपुर धनई नदी में हो रहे अवैध रेत उत्खनन की जानकारी खनिज विभाग को मिली, खनिज अधिकारी श्रीवंती परते द्वारा दो ट्रेक्टर क्रमश: नीतू देशमुख और मिथलेश बाहेंश्वर के ट्रेक्टर को पकडकर पुलिस थाना परिषर उगली में लाकर खडा कर दिया गया, इस संदर्भ में श्रीवंती परते ने मीडीया को बताया कि यह ट्रेक्टर रेत खदान के निकट बिना रायल्टी के रेत खनन कर रहे थे, जो दोपहर में हमारे द्वारा जप्त कर उगली थाने मे खडा कर दिया गया है, अब यह देखना है कि इन ट्रेक्टरों की जांच कर कौन सी धारा के तहत मामला बनाते है, क्योंकि अधिकाँश ट्रेक्टरों में ना पेपर्स, होते है, ना फिटनेश, ना ही बीमा जबकी यह ट्रेक्टर कृषी कार्यों के लिय क्षेत्रीय किसान उपयोग करते हैं, ट्रेक्टर के ईंजन



और ट्राली दोनों का रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य रहता है, और सडक पर परिवहन की भी परमीशन रहती है, लेकिन इसके विपरित क्षेत्र में रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर अक्सर देखे जाते है. रात के अंधेरे में बिना रायल्टी के रेत का कारोबार इन खदानों के नजदीक ग्रामों में अक्सर देखा जाता है. इस संदर्भ में पुलिस थाना उगली को जब भी शिकायत दी जाती है, तो ये यह कहते नजर आते हैं, कि यह हमारा काम नहीं है, यह राजस्व और खनिज विभाग का काम है. पां. छपारा, सरेखा और उगली के आसपास पूरे उगली थाना क्षेत्र में बिना रायल्टी की रेत परिवहन का कार्य किय जाता है. इसके विपरित चिन्हित रेत खदान खुरसुरा और बागडोंगरी, नसीपुर शाषन के द्वारा संचालित की जा रही है. जो ट्रक डंफरों द्वारा रायल्टी के साथ परिवहन हो रहा है.

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने किया अमृत वर्षा का श्रवण

**सिवनी नवभारत।** शुक्रवार को विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सुखद सत्संग अमृत वर्षा का श्रवण कर पुन: शंकराचार्य स्तंभ के प्रस्तावित स्थल का भी जायजा लिया। ग्राम बडझिर (मोहगांव) मे गुरुदेव राष्ट्रीय संत असंगदेव प्रभु साहिब के पावन सानिध्य मे आयोजित सुखद सत्संग अमृत कथा मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शामिल होकर व्यासपीठ पर विराजमान पूज्य गुरुदेव का शाल, श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा अमृत कथा मे श्रद्धालुओं के साथ पूज्य प्रभुजी के श्रीमुख से प्रवाहित ज्ञान गंगा रुपी प्रवचनों का श्रवण किया। एवं आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।



# बाईक रैली में पहुंचे मुनमुन, बढ़ाया किसानों का उत्साह

**सिवनी नवभारत।** शुक्रवार को विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मोटर साइकिल रैली मे सहभागिता करते हुए बाईक में सवार होकर किसानों का हौंसला बढ़ाया। चूंकि आज जिला मुख्यालय सिवनी के पालीटेक्निक मैदान मे जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय आयोजन था।

इस दौरान भाजपा विधायक दिनेश राय ने ना केवल शिरकत की, बल्कि स्वयं ने भी संपूर्ण रैली मे मोटरसाइकिल चलाकर कृषक बंधुओं का उत्साहवर्धन किया। इस रैली ने नगर के विभिन्न मार्गों मे भ्रमण किया। इस अवसर पर कृषक बंधुओं, विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते का दौरा कार्यक्रम

**सिवनी नवभारत।** लोकसभा एससी/एसटी कल्याण संबंधी समिति सभापति एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते प्राप्त अधिकृत प्रवास कार्यक्रम अनुसार 31 जनवरी 2026 को सिवनी जिले के प्रवास में रहेंगे। प्राप्त दौरा कार्यक्रम अनुसार सांसद श्री कुलस्ते दोपहर 2.00 बजे सिवनी पहुँचकर दिशा समिति की बैठक एवं अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम उपरांत श्री कुलस्ते शाम 5.00 बजे नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

**एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन जिला सिवनी**

**आवश्यकता है**

इच्छुक मेल फीमेल नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है पता सिवनी रोड समनापुर एडवांस केयर हॉस्पिटल लखनादौन

संपर्क सूत्र

9752360935

9424657567

**आवश्यकता हैं**

दुकान में काम करने हेतु लड़के लड़कियों की आवश्यकता हैं, ड्रायव्हर 2, (सैलरी 10 से 20 हजार)

समय : सुबह 10 से रात 8, बजे तक

संपर्क :- नारायणी सेल्स, साई हॉटेल के पीछे, तवकल लेआऊट वाडी नागपुर

70288 80502

86003 82146

**आयेजन** | जगतगुरु प्रज्ञानंद सरस्वती महाराज का आशीर्वचन प्राप्त होगा

# हिंदू समरसता समागम कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर

**बरघाट नवभारत।** आगामी 1 फरवरी को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नया बस स्टैंड में आयोजित हिंदू समरसता समागम कार्यक्रम को लेकर तैयारी जोरों पर जारी है। सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिंदू समरसता समागम कार्यक्रम को लेकर नगर में उत्साह का माहौल बना हुआ है । जिसमें धर्म सम्राट पूज्य जगद्गुरु स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती जी महाराज का आशीर्वचन प्राप्त होगा। आयोजन समिति के सदस्य एवं कार्यकर्ता गण घर-घर पहुंचकर लोगों को निमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं तथा सभी से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील कर रहे हैं।हिंदू समरसता समागम में समाज के बच्चों युवाओं महिलाओं एवं बुजुर्गों सभी को आमंत्रित किया जा रहा है आयोजन समिति साथी प्रत्येक घर तक पहुंच कर सम्मेलन के उद्देश्य की जानकारी दे रहे हैं तथा हिंदू समाज को एकजुट करने और जागरूकता फैलाने का संदेश दे रहे हैं। आयोजन समिति का कहना है यह सम्मेलन हिंदू समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है, युवा साथियों द्वारा नगर को झंडा एवं तोरण से सजाया जा रहा है। सकल हिंदू समाज ने अपील की है कि 1 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम जो दोपहर 12:00 बजे से 4:00 तक आयोजित है समस्त हिंदू समाज परिवार सहित समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावे।कार्यक्रम उपरांत भोजन प्रसादी भी रखा गया है।



## आज गणेशगंज में विशाल हिंदू सम्मेलन

गणेशगंज नवभारत। सनातन धर्म की गरिमा और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करने हेतु विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन रंगमंच बाजार चौंक गणेशगंज में आज दिन शनिवार दोपहर लगभग दो बजे से किया जाएगा। जिसमें धर्म की गौरवशाली विरासत एकता और भविष्य की दिशा में विचार विमर्श,सांस्कृतिक कार्यक्रम ,उद्बोधन तथा समरसता भोज आजोजित किया गया है। उक्त कार्यक्रम स्वामी श्री प्रज्ञानानंद महाराज के आतिथ्य में संपन्न होगा।




अनुराग शिक्षा समिति शिवपुरी (बरसला) पं.क्र. JS 3385 द्वारा संचालित

**अनुराग कॉलेज ऑफ एजुकेशन**

डूँडासिवनी (खैरापलारी) पोस्ट – लोपा, जिला – सिवनी (म.प्र.) 480991

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा से संबद्धता प्राप्त | कॉलेज कोड – ins3297

अनुराग कॉलेज ऑफ एजुकेशन राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा परिनियम कॉलेज कोड–28 के अंतर्गत अनुराग कॉलेज ऑफ एजुकेशन डूँडासिवनी (खैरापलारी) जिला सिवनी में बी.ए. एवं बी. एस.सी. पाठ्यक्रम हेतु सहायक प्राध्यापकों की आवश्यकता है। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं दो रंगीन फोटो सहित नियुक्ति हेतु दिनॉक 02/03/2026 तक आवेदन पत्र महाविद्यालय में स्वयं आकर या कॉलेज की ई–मेल आई.डी anuragcollege2022@gmail.com या डाक द्वारा जमा कर सकते हैं।

| क्र. | विषय विवरण | संख्या | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | राजनीति शास्त्र | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |
| 2 | अर्थशास्त्र | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |
| 3 | अंग्रेजी साहित्य | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |
| 4 | हिन्दी साहित्य | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |
| 5 | भूगोल | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |
| 6 | इतिहास | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |
| 7 | कम्प्यूटर विज्ञान | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |
| 8 | जन्तु विज्ञान | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |
| 9 | रसायन शास्त्र | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |
| 10 | भौतिक शास्त्र | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |
| 11 | गणित | 01 | न्यूनतम 55% अंकों के साथ स्नातकोत्तर तथा नेट/सेट/पी.एच.डी.। (कोई एक) |

नोटः– उपरोक्त पदों के लिए चयन एवं आरक्षण तथा वेतनमान UGC के नियमों के आधार पर किया जायेगा।

संपर्कसूत्र :– 1. श्री बी.एस. ठाकुर (संचालक) 9752061013
2. डॉ. प्रदीप कुमार ग्वालिया (प्राचार्य) 6263245334